Nai Dunia (Indore), 16th July 2022, Page- 01

# आइआइटी मद्रास लगातार चौथे साल अव्वल, इंदौर आइआइटी व आइआइएम फिसले

नई दिल्ली (ब्यूरो)। उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले की चल रही प्रक्रिया के बीच शिक्षा मंत्रालय ने देशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों से जुड़ी इंडिया रैंकिंग-2022 जारी कर दी है। इसमें ओवरआल रैंकिंग में आइआइटी मद्रास लगातार चौथे साल देश का सर्वश्रेष्ठ उच्च शिक्षण संस्थान बना है। 11 कैटेगरी में जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ) की ओवरआल कैटेगरी में दूसरे नंबर पर आइआइएससी बेंगलुरु और तीसरे नंबर पर आइआइटी बांबे है। कालेज कैटेगरी में दिल्ली का मिरांडा हाउस पहले और हिंदू कालेज दूसरे स्थान पर है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को एनआइआरएफ की रैंकिंग जारी की। कहा, इस प्रक्रिया में सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। रैंकिंग की प्रक्रिया को ज्यादा से ज्यादा पारदर्शी बनाने की दिशा में काम किया जाना चाहिए।

- देश के शीर्ष शिक्षण संस्थानों की एनआइआरएफ-2022 रैंकिंग जारी
- ओवरआल कैटेगरी में दूसरे नंबर पर आइआइएससी बेंगलुरु आया

### इन 11 कैटेगरी में जारी की गई है रैंकिंग

ओवरआल, यूनिवर्सिटी, कालेज, रिसर्च इंस्टीट्यूट, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फार्मेसी, मेडिकल, डेंटल, कानून, आर्किटेक्चर।

## प्रबंध में आइआइएम को 7वां, शोध में आइआइटी इंदौर को 26वां स्थान

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शुक्रवार को देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग सूची जारी हुई। पिछले साल की तुलना में आइआइटी इंदौर तीन और आइआइएम इंदौर एक पायदान नीचे फिसला है। विश्वविद्यालय श्रेणी के 101-150 वाले बैंड में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की जगह बरकरार रही है।




**प्रबंध संस्थानों की श्रेणी :** आइआइएम इंदौर
अंक 70.66 : सातवां स्थान

**शोध संस्थानों की श्रेणी :** आइआइटी इंदौर
26वां स्थान प्राप्त किया

**इंजीनियरिंग संस्थानों श्रेणी :** आइआइटी इंदौर
अंक 61.88 : 16वां स्थान

**विश्वविद्यालय श्रेणी :** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय
101-150 वाले बैंड में बरकरार

**डेंटल कालेजों की श्रेणी :** शासकीय दंत महाविद्यालय
39वी रैंक : सात पायदान नीचे फिसला

### प्लेसमेंट और पेटेंट से देअवि की स्थिति मजबूत



देअवि की पिछले साल की तुलना में रैंकिंग में कोई बदलाव नही है, मगर प्लेसमेंट, पेटेंट और नए कोर्स की वजह से विश्वविद्यालय की स्थिति मजबूत हुई है। विश्वविद्यालय में शिक्षकों की कमी की वजह से रैंक पर असर पड़ा है। विश्वविद्यालय श्रेणी में देअवि ने 2021 और 2022 में 101-150 वाले बैंड में जगह बनाई है।

### कमजोर रहा प्रदर्शन

2021 में आइआइटी इंदौर 13वें स्थान पर रहा था। इस बार 16वें स्थान पर आया। आइआइएम इंदौर भी पिछले साल छठे स्थान पर था। इस बार सातवें पर आया है।

### एसजीएसआइटीएस बाहर

एसजीएसआइटीएस को तगड़ा झटका लगा है। संस्थान को पिछले साल 181वीं रैंक मिली थी। इस बार दौड़ से बाहर हो चुका है। देअवि के फार्मेसी विभाग ने भी 2019 के बाद जगह नही बनाई है।

## प्रमुख छह कैटेगरी और रैंकिंग

1 **ओवरआल कैटेगरी रैंकिंग :** आइआइटी मद्रास, आइआइएससी बेंगलुरु, आइआइटी बांबे, आइआइटी दिल्ली, आइआइटी कानपुर, आइआइटी खड़गपुर, आइआइटी रुड़की, आइआइटी गुवाहाटी, एम्स दिल्ली और जेएनयू।

2 **यूनिवर्सिटी कैटेगरी रैंकिंग :** आइआइएससी-बेंगलुरु, जेएनयू, जामिया मिल्लिया इस्लामिया-दिल्ली, जाधवपुर यूनिवर्सिटी-कोलकाता, अमृता विश्वविद्यापीठम-कोयंबटूर, बीएचयू-बनारस, मणिपाल एकेडमी आफ हायर एजुकेशन-मणिपाल, कलकत्ता यूनि., वीआइटी वेल्लोर, यूनि. आफ हैदराबाद।

3 **कालेज कैटेगरी रैंकिंग :** मिरांडा हाउस-दिल्ली, हिंदू कालेज-दिल्ली, प्रेसीडेंसी कालेज-चेन्नई, लोयोला कालेज-चेन्नई, लेडी श्रीराम कालेज फार वुमन-दिल्ली, पीएसजीआर कृष्णामल कालेज आफ वुमन- कोयंबटूर, आत्मा राम सनातन धर्म कालेज-दिल्ली, सेंट जेवियर्स कालेज- कोलकाता, रामकृष्ण मिशन विद्यामंदिर-हावड़ा और किरोड़ीमल कालेज-दिल्ली।

4 **रिसर्च कैटेगरी रैंकिंग :** आइआइएससी बेंगलुरु, आइआइटी मद्रास, आइआइटी दिल्ली, आइआइटी बांबे, आइआइटी खड़गपुर, आइआइटी कानपुर, टाटा इंस्टीट्यूट आफ फाउंडेशनल रिसर्च मुंबई, आइआइटी रुड़की, एम्स दिल्ली, वीआइटी वेल्लोर।

5 **इंजीनियरिंग कैटेगरी रैंकिंग :** आइआइटी मद्रास, आइआइटी दिल्ली, आइआइटी बांबे, आइआइटी कानपुर, आइआइटी खड़गपुर, आइआइटी रुड़की, आइआइटी गुवाहाटी, एनआइटी तिरुचिरापल्ली, आइआइटी हैदराबाद, एनआइटी कर्नाटक।

6 **मैनेजमेंट कैटेगरी रैंकिंग :** आइआइएम अहमदाबाद, आइआइएम बेंगलुरु, आइआइएम कलकत्ता, आइआइटी दिल्ली, आइआइएम कोझिकोड, आइआइएम लखनऊ , आइआइएम इंदौर, जेवियर लेबर रिलेशन इंस्टीट्यूट जमशेदपुर, नेशनल इंस्टीट्यूट आफ इंडस्ट्रीयल इंजीनियरिंग मुंबई और आइआइटी मद्रास।